दैनिक जागरण
27-10-2024

जीएमएन कालेज के धर्मेंद्र कुवि में प्रथम

जासं ● अंबाला : जीएमएन कालेज के राजनीतिक विज्ञान के विद्यार्थी धर्मेंद्र कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 85.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थी का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके जैसे विद्यार्थी ही हमारा स्वाभिमान है जिनकी कुशलता के आधार पर महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अनूठे कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष डा. एसएस नैन, डा. राकेश, डा. कृष्ण, डा. सरोज, डा. तृप्ति और लवप्रीत को शुभकामनाएं दी। कालेज में लीगल लिटरेसी सेल के द्वारा डा. सुरेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में मोटर वाहन अधिनियम 2022 पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबाला के पैरा लीगल वालंटियर बलराम ने मोटर वाहन अधिनियम में हाल ही में हुए संशोधनों पर गहन प्रस्तुति दी।